>

Title: Need to construct embankment along the course of Burhi Gandak river in Vaishali Parliamentary Constituency, Bihar.

श्रीमती वीणा देवी (वैशाली): मेरे संसदीय क्षेत्र वैशाली के अन्तर्गत आने वाली विधानसभा मीनापुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत रघई में बूढी गंडक नदी के कटाव से वर्ष 2017 में आई बाढ़ से 200 से ज्यादा घर बूढी गंडक नदी में बह गए थे जिसके कारण जान-माल का नुकसान हुआ था। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बूढी गंडक नदी के कटाव से नुकसान हो सकता है. इस समस्या का कोई उचित समाधान करना आवश्यक है ताकि लोगो के घरो को गंडक नदी के कटाव से होने वाले नुकसान से बचाया जा सके. मै माननीय जल संसाधन मंत्री जी से अनुरोध करती हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र वैशाली के अन्तर्गत आने वाली विधानसभा मीनापुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत रघई में बूढी गंडक नदी के दोनों तरफ मजबूत तटबंध बनाया जाये तथा कटाव निरोधक कार्य कराने और मीनापुर विधानसभा अन्तर्गत हरसेर घाट पर पीपा पूल का निर्माण कराने की कृपा करे।